# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (7 March 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए:(5)

**(ख) नदियों की हमारे जीवन में बहुत उपयोगिता है। इनके द्वारा लाई गई उपजाऊ मिट्टी से बने हमारे खेतों में हरी-भरी फ़सलें लहलहाती हैं। इनके ऊपर बनाए गए बाँधों से निकली नहरों से खेतों को पानी मिलता है। बाँध के निकट बने 'पावर हाउस' में बिजली बनाई जाती है। आज चाहे गाँव हो या नगर, दोनों के लिए बिजली ज़रूरी है। बिजली के बिना तो जैसे जीवन सूना है।** नदियों से मानव का बड़ा अटूट संबंध रहा है। आज भी बहुत-से नगर नदी के किनारे पर बसे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि हम मनुष्यों ने इस गहरे संबंध को भुलाकर नदियों के जल को बुरी तरह प्रदूषित कर दिया है। नदियों को जितना कष्ट मनुष्य ने दिया है, उतना किसी अन्य जीव ने नहीं। अच्छा हो, अगर मनुष्य नदियों के महत्त्व को समझकर उनकी भलाई के बारे में सोचे और कई ऐसे कार्य छोड़ दे, जिनसे इनका दम घुटता है।

**बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) हमारे खेतों में हरी-भरी फ़सलें किस कारण लहलहाती हैं?

(*i*) नदियों द्वारा लाई उपजाऊ मिट्टी के कारण

(*ii*) समय पर होने वाली वर्षा के कारण

(*iii*) वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सही सलाह के कारण

(*iv*) आधुनिक कृषि यंत्रों व बीजों के कारण

(ख) गद्यांश में मुख्य रूप से किसकी उपयोगिता का वर्णन है?

(*i*) बिजली की (*ii*) नदियों की

(*iii*) खेतों की (*iv*) मनुष्य की अच्छी सोच की

(ग) बाँधों से क्या निकाली जाती हैं?

(*i*) नदियाँ (*ii*) नहरें

(*iii*) मछलियाँ व अन्य जल-जीव (*iv*) नालियाँ

(घ) नदियों के बारे में कौन-सा कथन सत्य <u>नहीं</u> है?

(*i*) नदियों पर बाँध बनाए जाते हैं

(*ii*) नदियों से खेतों को पानी मिलता है

(*iii*) नदियों का मानव जाति से अटूट संबंध है

(*iv*) नदियों से मानव जाति को बहुत हानि उठानी पड़ती है

(ङ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(*i*) प्रदूषण की समस्या (*ii*) मनुष्य और उसकी सोच

(*iii*) नदियाँ और मानव जाति (*iv*) हरी-भरी फ़सलें

A-1

Scanned with CamScanner

## (भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

प्र2क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह) (3)

विचरण, उर, परखना, रीति, अभ्युदय, भ्रात, ढिंग

ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 2) (2)

पुरस्कार, क्षति, मूल्यवान

प्र3क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई चार) (1×4=4)

क) पंछी के मन में क्या चाहत नहीं होती?

ख) मीरा किसे अपना पति मानती है?

ग) यात्री ने तेनालीराम को उपहार में क्या दिया?

घ) भारत में कौन-सा पर्यावरण रक्षण आंदोलन सबसे पुराना है?

ङ) मानव को बंदी क्यों कहा है?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन) (2×3=6)

क) पंछी और मानव में क्या अंतर है?

ख) मीरा ने 'कुल की कानि' क्यों और कैसे त्याग दी?

ग) तेनाली राम ने सबसे बहुमूल्य वस्तु क्या बताई और उन्होंने अपनी बात को कैसे सिद्ध किया?

घ) जर्मनी में किन बातों में सरकार को आंदोलनकारियों का सामना करना पड़ा?

प्र4. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

तेनालीराम ने यात्री की ओर देखा और बोले "श्रीमान, मेरे विचार से हमारे राज्य की सबसे बहुमूल्य वस्तु हमारे राज्य की स्वतंत्रता है। यहाँ कोई बंदी नही है। सभी यहाँ स्वतंत्र व खुशहाल जीवन जीते है।"

"यह ठीक है कि वह वस्तु स्वतंत्रता है, परंतु यही सबसे बहुमूल्य वस्तु है, मै इससे सहमत नहीं हूँ। क्या आप अपनी इस बात को सिद्ध कर सकते है?" यात्री ने कहा।

"मै अपनी बात सिद्ध कर सकता हूँ। परंतु इसके लिए मुझे कुछ दिन का समय चाहिए।"

"हाँ, अवश्य, तब तक ये यात्री हमारे अतिथि रहेंगे। इनके अतिथि सत्कार की सारी व्यवस्था तेनालीराम देखेंगे।" राजा ने कहा।

वह विदेशी यात्री शाही अतिथि-गृह में रहने के लिए चला गया। तेनालीराम ने उसके लिए सभी सुख-सुविधाओं का इंतज़ाम करवाया। उसे अनेक प्रकर के व्यंजन परोसे गए। उसके पलंग पर नरम-नरम गद्दे तथा रेशमी चादर बिछवाए। उसकी एक आवाज़ पर सेवक-सेविकाएँ उपस्थित हो जाते थे। उसके मनोरंजन के लिए नृत्यांगनाओं व गायक-गायिकाओं का भी प्रबंध किया गया।

1) प्रत्येक प्राणी कैसे रहना चाहता है?

क) परतंत्र ख) स्वतंत्र ग) दोनों घ) कोई नहीं

2) हमें अतिथियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए?

क) निरादर ख) सत्कार पूर्वक ग) आदरपूर्ण घ) ख और ग दोनों

ग) स्वतंत्र प्राणी कैसा जीवन जीते है?

क) खुशहाल ख) बेहाल ग) दरिद्रतापूर्ण घ) कोई नहीं

घ) आप घर आए अतिथि के स्वागत के लिए क्या तैयारियाँ करते है। (एक-दो पंक्तियों में लिखो)



Scanned with CamScanner

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र5. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें- (2)

भक्ति, प्रधान

प्र6क) संधि कीजिए- 1) भू+उत्सर्ग 2) परम+औषध (1+2=3)

ख) संधि विच्छेद करें- 1) लंकेश 2) योगींद्र

प्र7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (2)

सोना, सूर्य

प्र8. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर रिक्त स्थान भरें- (2)

क) सच्चे समाज सेवी हानि ......... की चिंता नहीं करते।

ख) विज्ञान वरदान है या ...........।

प्र9. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए: (2)

क) पूर्वजों से संबंधित -

ख) जीने की उत्कट इच्छा -

प्र10क) समस्तपद बनाएँ और समास का नाम लिखें- (2+1=3)

1) राजा और रंक 2) पेटभरकर

ख) समस्तपदों का समास विग्रह करें-

1) यथाक्रम 2) यश-अपयश

प्र11क) निम्नलिखित प्रत्यय से दो नए शब्द बनाएँ: (1+1=2)

नी

ख) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखें:

चिल्लाहट

प्र12. निर्देशानुसार करें: (2)

क) रमा पत्र लिख रही है। (क्रिया का भेद बताएँ)

ख) माँ सो रही है। (क्रिया का भेद बताएँ)

ग) सिया सितार बजाती है। (भविष्य काल में बदले)

घ) पापा दिल्ली जाएँगे। (वर्तमान काल में बदले)

प्र13. निम्नलिखित रेखांकित विशेषण का भेद बताएँ- (½)

क) इस गाँव में थोड़े से घर ही पक्के है।

ख) बगीचे में आम के कई छोटे-बड़े पेड़ है। (½)

प्र14क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित सम्मुच्चयबोधक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें-(1)

1) वह बीमार था ............... नहीं आया।

2) मुझे माँ ने नही ........... पाप ने डाँटा है।



Scanned with CamScanner

ख) रेखांकित क्रियाविशेषण के भेद का नाम बताएँ: (1)

1) सारा सामान इधर-उधर क्यों बिखरा हुआ है।

2) राम ने अचानक गाड़ी रोक दी।

ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द क्रिया विशेषण है या सम्मुच्चयबोधक बताएँ:(1)

1) आप ठंडा पिएँगे या गरम।

2) तुम रोज़ माँगने चले आते हो।

प्र15. अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ- (2)

क) ईश्वर तुम्हारी आयु लंबी करे।

ख) शाबाश! इसी तरह तरक्की करते रहो।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: (3)

क) वह स्वयं ही अपना काम कर लेगा।

ख) दूध में कौन पड़ा है।

ग) अपराधी को क्षमा-दान कर दिया गया।

प्र17क) विराम चिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखिए: (2)

1) समाचार पत्र दैनिक साप्ताहिक पाक्षिक मासिक कई तरह के होते है

2) हाय बेचारा मारा गया

ख) विराम चिह्न का नाम लिखें- 1) :- 2) ! (1)

प्र18क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखें- (1)

दाल में काला होना, तलवे चाटना

ख) 'तूती बोलना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें। (1)

ग) रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें- (1)

1) वह नकाबपोश चौराहे से ............. गया। (पीठ दिखाना/ हवा हो जाना)

2) भगवान न करे कभी किसी के सामने ........... पड़े। (दाँत पीसना/ हाथ फैलाना)

प्र19. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखें: (2)

1) सिर मुँडाते ही ओले पड़ना

2) जिसकी लाठी उसकी भैंस

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

मेरी पहली हवाई यात्रा

संकेत बिंदु: कब, कहाँ और कैसे की, हवाई यात्रा में स्वागत, अनुभव

अथवा

होली का वह दिन

संकेत बिंदु: कब और क्यों मनाई जाती है, महत्त्व, संदेश



Scanned with CamScanner

प्र21. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

अपने साथ गरमियों की छुट्टियाँ बिताने के लिए आमंत्रित करते हुए अपनी सखी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपनी माता जी के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए पिता जी को पत्र लिखिए।


प्र22. 'बिस्कुट मेकर' कंपनी के चॉकलेटी बिस्कुट की बिक्री के लिए विज्ञापन बनाइए। (3)

**अथवा**

'सोनाटा हाथ की घड़ी' पर एक सुंदर सा विज्ञापन बनाइए।

प्र23. विश्व कप के फाइनल में भारत को मिली जीत को लेकर दो मित्रों के बीच का संवाद लिखें। (5)

प्र24. निम्नलिखित चित्र को देखकर उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। (3)



A-5

Scanned with CamScanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (7 March 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - B)

Time: 3 hrs. MM: 80

### (भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए:(5)**

महाराज भगीरथ कठोर तपस्या के बाद गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए। इसी कारण गंगा का नाम भागीरथी पड़ा। गंगा नदी पर भारतवासियों की असीम श्रद्धा है। वह उनके सुख-दुख की साथी रही है। गंगा का भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक परंपराओं तथा राजनैतिक परिवर्तनों से भी अटूट संबंध रहा है। गंगा युगों से चली आ रही भारतीय सभ्यता और संस्कृति की प्रतीक है। देश के अधिकांश पवित्र स्थान इसी नदी के किनारे स्थित हैं। देश के कई औद्योगिक केंद्र–कानपुर, कोलकाता आदि इसी के तट पर बसे हैं। प्रयाग, काशी, हरिद्वार, ऋषिकेष आदि तीर्थ स्थल गंगा के पावन तट पर ही हैं। गंगा ने ही उत्तर भारत के मैदानों को इतना उपजाऊ बनाया है। हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी तक की यात्रा में हज़ारों वर्षों से बहती हुई पवित्र गंगा भारत के करोड़ों लोगों का उपकार करने में मगन है। हिंदू गंगा के जल को पवित्र मानते हैं। धार्मिक कार्यों में इसका उपयोग होता है। गंगाजल ही है, जिसमें वर्षों तक रखे रहने के बाद भी कीटाणु पैदा नहीं होते हैं। आज भी गंगा में स्नान करके हिंदू लोग अपने को धन्य समझते हैं।

(क) गंगा का नाम 'भागीरथी' क्यों पड़ा ?

(*i*) कठोर तपस्या के कारण ◯ (*ii*) स्वर्ग से आने के कारण

(*iii*) महाराज 'भगीरथ' के कारण ◯ (*iv*) सभी के कारण

(ख) 'गंगा' कहाँ से निकलकर कहाँ गिरती है ?

(*i*) स्वर्ग से पृथ्वी पर

(*ii*) हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी में

(*iii*) हरिद्वार से निकलकर काशी में

(*iv*) इनमें से कोई नहीं

(ग) गंगा ने किस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया है ?

(*i*) उत्तर भारत के मैदानों को ◯ (*ii*) दक्षिण भारत के मैदानों को

(*iii*) उपर्युक्त दोनों को ही ◯ (*iv*) इनमें से किसी को नहीं

(घ) 'गंगाजल' की क्या विशेषता है ?

(*i*) सभी अपवित्र हो जाते हैं। ◯ (*ii*) सभी शुद्ध होते हैं।

कीटाणु पैदा होते हैं। ◯ (*iv*) कीटाणु पैदा नहीं होते हैं।

(ङ) गद्यांश के अनुसार गंगा का दूसरा नाम क्या है?

1. तटिनी 2. भगीरथी 3. ऋषिकेश 4. इनमें से कोई नहीं

B-1

Scanned with CamScanner

## (भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

प्र2क) **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह)** (3)

पग, रसाल, निरर्थक, द्रोह, ह्रास, अँसुवन, मकराकृत

ख) **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 2)** (2)

संरक्षण, उपहार, समाधान

प्र3क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई चार)** (1×4=4)

क) मानव ने कौन-सी बेड़ियाँ अपने पैरों में डाली हुई है?

ख) श्री कृष्ण के उर पर क्या सुशोभित है?

ग) अतिथि गृह में विदेशी यात्री को क्या अनुभव हुआ?

घ) फैकफर्ट में विद्यार्थियों ने किसका विरोध किया?

ङ) 'मेरे तो गिरिंधर गोपाल, दूसरो न कोई' पंक्ति से मीरा की भक्ति की किस विशेषता का पता चलता है?

ख) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन)** (2×3=6)

क) 'अपनी सोने की कड़िया तोड़ो' से क्या अभिप्राय है?

ख) कृष्ण के किस रूप को मीरा अपने नयनों में बसाना चाहती है?

ग) विदेशी यात्री सुख-सुविधाओं के बाद भी अतिथि गृह से क्यों ऊब गया?

घ) लड़ाइयाँ किस प्रकार जीती जाती है?

**प्र4. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)**

क्षेत्र को कँटीले तार की ऊँची बाड़ों से घेरकर ही काम करना पड़ा। पेड़ों की कटाई के सवाल को लेकर तो कोलंबिया, संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी भाग और मलेशिया में कई स्थानों पर आंदोलन हुए।

पर्यावरण की रक्षा के लिए 'ग्रीन पीस' जैसे जुझारू दल का प्रादुर्भाव पर्यावरण रक्षा के आंदोलन में एक ऐतिहासिक घटना है। 'करो या मरो' जैसे जुझारू दल के संहारक सामग्री ले जाने वाले जहाज़ों तक का पीछा किया। भारत का 'चिपको' आंदोलन सबसे पुराना और ज़मीन से जुड़ा हुआ, शहरी सभ्यता के प्रभाव से दूर, हाशिए पर रहने वाले गरीब ग्रामीणों का आंदोलन था। अपनी कार्य-शैली और निहित विचार की दृष्टि से उसका ऐतिहासिक महत्व है।

जहाँ सीधी कार्यवाही के आंदोलन ज़मीन पर पर्यावरण की लड़ाई लड़ रहे थे, वहाँ हरित दलों का अभ्युदय हुआ और जर्मनी में तो सत्ता में भी उसकी हिस्सेदारी हुई। पर्यावरण मंत्रालय तो सभी देशों में बने, प्रारंभ में तो इन मंत्रालयों को इतना महत्व दिया गया कि भारत जैसे कई देशों में स्वयं प्रधानमंत्री ने इस मंत्रालय का कार्यभार सँभाला। सन् 1980 ई. में श्रीमती इंदिरा गांधी भारत की प्रथम पर्यावरण मंत्री थी।

1) हमें पर्यावरण के संरक्षण के लिए क्या करना चाहिए?

क) पेड़ों का संरक्षण ख) प्रदूषण घटाना ग) प्रदूषण बढ़ाना घ) क और ख दोनों

2) भारत की प्रथम पर्यावरण मंत्री कौन थी?

क) श्रीमती मेनका गाँधी ख) श्रीमती प्रतिभा पाटिल ग) श्रीमती इंदिरा गाँधी घ) इनमें से कोई नहीं



Scanned with CamScanner

3) चिपको आदोंलन किस देश से संबंधित है?
क) जर्मनी ख) अमेरीका ग) भारत घ) इनमें से कोई नहीं

4) पर्यावरण मंत्रालय क्यों बनाए गए? (एक-दो पंक्तियों में लिखें)

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र5. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें-** **(2)**
चित्र, डॉक्टर

**प्र6क) संधि कीजिए-** 1) नारी+इष्ट 2) दंत+ओष्ठ **(1+2=3)**
**ख) संधि विच्छेद करें-** 1) वार्षिकोत्सव 2) एकैक

**प्र7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें -** **(2)**
शत्रु, वृक्ष

**प्र8. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर रिक्त स्थान भरें-** **(2)**
क) सुमति व्यक्ति को सदबुद्धि प्रदान करती है तथा ........... के कारण बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।
ख) कुछ लोगों ने प्रस्ताव का विरोध किया तो कुछ ने ............।

**प्र9. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए:** **(2)**
क) जो सबको मान्य होता है -
ख) जंगल में लगी आग -

**प्र10क) समस्तपद बनाएँ और समास का नाम लिखें-** **(2+1=3)**
1) शक्ति के अनुसार 2) पाप और पुण्य
**ख) समस्तपदों का समास विग्रह करें-**
1) गंगा-यमुना 2) आजन्म

**प्र11क) निम्नलिखित प्रत्यय से दो नए शब्द बनाएँ:** **(1+1=2)**
आवा
**ख) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखें:**
तैराक

**प्र12. निर्देशानुसार करें:** **(2)**
क) रानी ने साँप को मार दिया। (क्रिया का भेद बताएँ)
ख) नेहा बर्तन धोती है। (क्रिया का भेद बताएँ)
ग) कैलाश गाड़ी चला रहा था। (वर्तमान काल में बदले)
घ) किसान खेत में हल चलाता है। (भविष्य काल में बदले)

**प्र13. निम्नलिखित रेखांकित विशेषण का भेद बताएँ-** **(½)**
क) पके आम पीले रंग के है।
ख) राम एक किलो पनीर सुबह ही लाया था। **(½)**

B-3

Scanned with CamScanner

प्र14क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित सम्मुच्चयबोधक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें-(1)

1) मेहनत करो ............... सफल हो सको।

2) राम ............ रचिता इस समय स्कूल गए हुए हैं।

ख) रेखांकित क्रिया विशेषण के भेद का नाम बताएँ: (1)

1) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो।

2) आप यहाँ बैठ जाइए।

ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया विशेषण है या सम्मुच्चयबोधक बताएँ:(1)

1) आज विद्यालय का वार्षिकोत्सव है।

2) चुप बैठो नहीं तो बाहर भेज दूँगी।

प्र15. अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ- (2)

क) वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।

ख) भगवान आपका भला करे।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: (3)

क) उसके पास केवल मात्र पचास रूपए है।

ख) हमने ये काम पूरा करना है।

ग) वह बड़ा दूर बैठा है।

प्र17क) विराम चिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखिए: (2)

1) यहाँ समय समय पर अनेक उत्सव मेले और पर्वो का आयोजन होता है

2) निराला छायावाद के प्रमुख स्तंभ है

ख) विराम चिह्न का नाम लिखें- 1) ? 2) ० (1)

प्र18क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखें- (1)

धुन का पक्का, चार चाँद लगाना

ख) 'लकीर का फकीर होना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें। (1)

ग) रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें- (1)

1) एवरेस्ट पर चढ़ना सचमुच ........ है। (हाथ धोकर पीछे पड़ना/लोहे के चने चबाना)

2) वीर योद्धा रणभूमि में कभी .............। (पीठ दिखाना/ मक्खी मारना)

प्र19. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखें: (2)

1) हाथ कँगन को आरसी क्या 2) जो गरजते है, वे बरसते नहीं

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

**स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो**

**संकेत बिंदु:** स्वच्छता और स्वस्थता का महत्त्व, सफलता का मंत्र, प्राथमिक आवश्यकता, सरकार का प्रयास



Scanned with CamScanner

अथवा

पहाड़ी स्थान की यात्रा

संकेत बिंदु: कब, कहाँ और किस के साथ की, प्राकृतिक दृश्य, रहन-सहन और मौसम, अनुभव

प्र21. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

अपने शिमला भ्रमण का हालचाल बताते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए।

अथवा

विद्यालय के वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए अपनी नानी जी को पत्र लिखिए।


प्र22. 'दंत दीप्ति' टूथपेस्ट पर एक सुंदर सा विज्ञापन बनाइए। (3)

अथवा

'दीर्घ केश' नारियल तेल का एक सुंदर-सा विज्ञापन बनाइए।

प्र23. कक्षा में आए नए विद्यार्थी और रोहन के बीच संवाद लिखें। (5)

प्र24. निम्नलिखित चित्र को देखकर उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। (3)



B-5

Scanned with CamScanner